दिल्ली पुलिस समाचार

अंक-129 जुलाई-अगस्त, 2019 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका



गर्व की अनुभूति !

15 अगस्त को लाल किले से ध्वजारोहण से पूर्व गार्ड ऑफ ऑनर के दौरान दिल्ली पुलिस की टुकड़ी का निरीक्षण करते हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी।

राजधानी दिल्ली में आम जनता का अधिक से अधिक सहयोग प्राप्त करके ही मजबूत कानून–व्यवस्था स्थापित की जा सकती है :– : श्री अमूल्य पटनायक, पुलिस आयुक्त

साथियों, इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पुलिस पदक से सम्मानित हुए सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को मैं हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ और आशा करता हूँ कि आप सभी और अधिक उर्जा और उत्साह के साथ अपने कर्तव्य का इसी प्रकार पालन करेंगे और दिल्ली पुलिस परिवार की प्रतिष्ठा को बढ़ायेंगे। इसके साथ ही मैं, पिछले दिनों दिल्ली में सम्पन्न हुए धार्मिक पर्वों ईद, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी व राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किये गये चाक–चौबंद सुरक्षा प्रबंधों के लिए भी आप सभी को बधाई देता हूँ, विशेषकर कांवड़ियों के आवागमन के दौरान किये गये सुरक्षा प्रबंधों के लिए।

इसके साथ ही मैं, दुख के क्षणों को याद करते हुए यह कहना चाहूँगा कि 6 अगस्त को दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज के एम्स में निधन के बाद लोधी रोड़ स्थित शमशान घाट तक की शवयात्रा के दौरान तथा 23 अगस्त, 2019 की दोपहर एम्स में माननीय पूर्व केंद्रीय वित्त एवं रक्षा मंत्री श्री अरूण जेटली जी के देहावसान के उपरांत एम्स से कैलाश कॉलोनी उनके निवास स्थान तक तथा 24 अगस्त की दोपहर उनके निवास से भाजपा कार्यालय तथा भाजपा कार्यालय से निगम बोध घाट तक उनकी शव यात्रा के दौरान जो कड़ी सुरक्षा एवं सुचारू यातायात व्यवस्था की गई वह निःसंदेह सराहनीय है। इतने अल्प समय में सुरक्षा के व्यापक और पुख्ता प्रबंध करना दिल्ली पुलिस के समक्ष अचानक आई एक बड़ी चुनौती थी। क्योंकि इन दोनों ही अवसरों पर भारी संख्या में न केवल देश के शीर्षस्थ राजनेता, नौकरशाह, परिवारजन, मित्र व समर्थक शामिल हुए थे बल्कि विदेशी मेहमानों की सुरक्षा–व्यवस्था भी हमारे लिए एक कसौटी बन गया था। परन्तु आप सभी अपनी पेशेवर निपुणता और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर इस कसौटी पर खरे उतरे, जिस पर मुझे गर्व है।

पिछली कई बैठकों में मैने इस बात पर विशेष जोर दिया है कि अपने इलाके की भौगोलिक स्थिति, अपराध संभावित क्षेत्र, अपराधों की प्रवृत्ति या तरीकों, अपराध के उद्देश्य तथा अपराध व अपराधी की पृष्ठभूमि के बारे में गहन समीक्षा कर संभावित अपराध को रोकने पर हमें अपना ध्यान केंन्द्रित करना चाहिए। पिछले दिनों दिल्ली में भारी मात्रा में मादक पदार्थो व हथियारों की बरामदगी और अधिकांश संगीन अपराधों को सुलझाने की दिशा में काफी सराहनीय काम हुए हैं। इसके लिए भी आप सभी बधाई के पात्र हैं।

आजकल समाज में सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग को देखते हुए हर पुलिसकर्मी को उसके सदुपयोग और दुरूपयोग से बचाव के बारे में गहन जानकारी होनी चाहिए। सोशल मीडिया प्रचार–प्रसार का एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके नकारात्मक एवं सकारात्मक परिणाम तत्काल हमारे सामने आते हैं। हर पुलिसकर्मी को चाहिए कि वह सोशल मीडिया के उपयोग में पूरी सावधानी बरते, क्योंकि आप एक ऐसी संवेदनशील संस्था का हिस्सा हैं जिसमें आपके द्वारा हुई जरा सी चूक से समाज में भ्रांति फैल सकती है या उसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। हमें सोशल मीडिया की मदद से पुलिस की कार्यशैली को एक नवीनतम सोच और दुनिया के बदलते परिदृश्य के अनुरूप नागरिकों के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास करना चाहिए।

पिछले दिनों एनआईसी (नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर) और बैंक ऑफ इंडिया की मदद से लोगों को ट्रैफिक चालान ऑनलाइन भुगतान की सुविधा प्रदान कर जनता के हित में एक नवीन कदम उठाया गया है। इसके साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन को लेकर प्रस्तावित जुर्माना राशि के बढ़ाये जाने से भी वाहन चालक यातायात नियमों के प्रति अधिक जागरूक होंगे, जिससे निःसंदेह यातायात संचालन में



सुविधा होगी। वाहन चालकों की सुविधा के मद्देनज़र शुरू की गई इन योजनाओं को क्रियान्वित करने में आपको भी पूरी सजगता और सावधानी बरतनी होगी ताकि ऐसी कोई शिकायत न हो जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हो। इसके साथ ही मैं एक और खुशी आपके साथ साझा करना चाहूँगा कि सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया व दिल्ली पुलिस के बीच एक समझौता हुआ है। समझौते के अनुसार अब दिल्ली पुलिस मुख्यालय सहित पुलिस के सभी प्रमुख भवन एवं पुलिस कॉलोनियाँ सौर उर्जा की मदद से रोशन होंगे। यह रोशनी हमें खुशहाली और प्रसन्नता की तरफ ले जायेगी और देश की उन्नति में सहायक होगी।

साथियों, मैं दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा समय–समय पर, विशेषकर ग्रीष्मावकाश के दौरान, विभिन्न पुलिस कॉलोनियों तथा परिसरों में पुलिस परिवारों से जुड़े बच्चों के लिए किये गये कल्याणार्थ कार्यो का भी उल्लेख करना चाहूँगा जिसमें मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित करने, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की आर्थिक मदद करने, युवाओं में अपनी छुपी हुई प्रतिभा को खोजने के लिए कार्यशाला आयोजित करने, मिशन ओलंपिक की तैयारियों को लगातार आगे बढ़ाने, जैसे बहुत से कल्याणकारी कार्यक्रम शामिल रहे है। समिति की सभी पदाधिकारियों ने निःस्वार्थ भाव से पुलिस परिवारों की महिलाओं और बच्चों के लिए जो सेल्फ डिफेंस, शैक्षिक, लघु प्रशिक्षण व स्व–रोजगार की दिशा में जो काम किये हैं उससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है बल्कि पुलिस परिवारों से जुड़े युवाओं का उचित मार्गदर्शन भी हुआ। इसमें कोई संदेह नहीं कि समिति द्वारा पुलिस कॉलोनियों और परिसरों में आयोजित किये जा रहे कल्याणार्थ कार्यो से फील्ड में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों में अपने परिवारों की सुरक्षा और बच्चों को उचित मार्गदर्शन मिलने की चिंता समाप्त होने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे चिंतामुक्त होकर अपनी ड्यूटी कर सकेंगे।

गर्व के दो पल !

वि.पु.आ. श्री एस.के.गौतम केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा सम्मानित

28 अगस्त, 2019 को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएडंडी) के 49वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में **विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.के.गौतम** को संविधान के संक्षिप्त स्वरूप **''संविधान काव्य''** की रचना करने पर **केंद्रीय गृहमंत्री माननीय श्री अमित शाह** ने सम्मानित किया। इस मौके पर **केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी.किशन रेड्डी** व **बीपीआरएंडडी** के **महानिदेशक श्री वी.एस.कौमुदी** सहित सम्मानित होने वाली अन्य कई प्रमुख विभूतियाँ भी मौजूद थी। श्री अमित शाह ने अपने सम्बोधन में कहा कि संदिग्धों पर थर्ड डिग्री और फोन टैपिंग जैसी पुरानी तकनीक से वांछित नतीजे नहीं मिलते। इसलिए पुलिस को फोरेंसिक साइंस के गुर सीखने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस को अपराधियों से चार कदम आगे रहना होगा और अपनी सामुदायिक पुलिसिंग, मुखबिर व्यवस्था और बीट सिस्टम को मजबूत करना होगा।



अतिरिक्त आयुक्त पुलिस श्री सुवाशीष चौधरी केंद्रीय गृहमंत्री माननीय श्री अमित शाह के हाथों सम्मानित

अतिरिक्त आयुक्त पुलिस (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) श्री सुवाशीष चौधरी ने **''ए केस फॉर एविडेंस बेस्ट पुलिसिंग''** शीर्षक पर आधारित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर दिल्ली पुलिस परिवार का गौरव बढ़ाया है। 24 अगस्त, 2019 को हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल नेशनल पुलिस अकेडमी में आयोजित दीक्षांत परेड समारोह में माननीय **केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह** ने **श्री सुवाशीष चौधरी को ''प्राईम मिनिस्टर्स सिल्वर कप ''** देकर सम्मानित किया। गतवर्ष भी श्री सुवाशीष चौधरी ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए दिल्ली पुलिस का नाम रोशन किया था। दिल्ली पुलिस परिवार की तरफ से भी श्री सुवाशीष चौधरी को हार्दिक शुभकामनाएँ।



श्री सुवाशीष चौधरी को ट्राफी प्रदान करते हुए माननीय गृहमंत्री

महिलाओं की सुरक्षित यात्रा के लिए दिल्ली पुलिस की एक और शानदार पहल हिम्मत प्लस ऐप को क्यूआर कोड स्कीम से लिंक किया

दिल्ली पुलिस ने अपनी कार्यशैली में आधुनिक तकनीक को अधिकतम बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं की सुरक्षा में अहम भूमिका निभा रही अपनी हिम्मत प्लस एप को क्यूआर कोड स्कीम से लिंक किया है। इस क्यूआर कोड का उद्देश्य मेट्रो स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों, एयरपोर्ट या अन्तर्राज्यीय बस अड्डों जैसी जगहों से आने–जाने वाले यात्रियों, विशेषकर महिलाओं के सुरक्षित सफर को सुनिश्चित करना है। 23 अगस्त, 2019 को **माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल** ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से इस स्कीम को लांच किया। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्रीमती नुजहत हसन, विशेष पुलिस आयुक्त श्री प्रवीर रंजन, डीएमआरसी के एमडी डॉ0 मंगू सिंह, उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के डीआरएम श्री एस.सी.जैन, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अतुल कटियार, उपायुक्त पुलिस (रेलवे) श्री दिनेश कुमार गुप्ता व उपायुक्त पुलिस (मैट्रो) श्री विक्रम पोरवाल** सहित काफी संख्या में दिल्ली पुलिस, मैट्रो व रेलवे के अधिकारियों के साथ–साथ भारी



क्रमशः पृष्ठ 4 पर



मंच पर आसीन मुख्य अतिथि, पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण



मुख्य अतिथि उपराज्यपाल महोदय एक वाहन चालक को क्यू आर कोड देते हुए

संख्या में ऑटो, टैक्सी, ई–रिक्शा के चालक उपस्थित थे। दिल्ली पुलिस की इस नई पहल के तहत ऑटो–टैक्सी पर क्यूआर कोड लगाए जाएंगें जिन्हें दिल्ली पुलिस के हिम्मत प्लस ऐप के साथ स्कैन करने पर ऑटो टैक्सी व उसके चालक के बारे में पूरी जानकारी मिल जाएगी और सवारी यह भी जान सकेगी कि चालक सही दिशा में अपना वाहन चला रहा है या नही। इसके साथ ही सवारी अपनी यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए इस ऐप के जरिये अपनी यात्रा का विवरण सीधे दिल्ली पुलिस के साथ साझा कर सकेंगे। सवारी किसी भी प्रकार का खतरा भांप कर SOS बटन दबाने पर नजदीक के थाने की पुलिस व पीसीआर की मदद प्राप्त कर सकेगी। यह क्यूआर कोड सभी फोन पर काम करेगा। उपराज्यपाल महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि ज्यादा से ज्यादा ऑटो टैक्सी चालकों का डेटा लेकर उन्हें क्यूआर दिए जाएं। फिलहाल 3300 ऑटो पर क्यूआर कोड लगाए गए है, जिनकी संख्या बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

बाहरी–उत्तरी जिला उपायुक्त कार्यालय का उद्घाटन

30 अगस्त, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने थाना समयपुर बादली परिसर में बाहरी–उत्तरी जिला उपायुक्त कार्यालय का उद्घाटन किया। इस जिले का सृजन 1.1.2019 को उत्तरी–पश्चिमी व रोहिणी जिला का कुछ हिस्सा अलग करके किया गया था। थाना समयपुर बादली परिसर में तैयार किये उपायुक्त पुलिस कार्यालय में आगुंतक कक्ष, लॉज, कॉफ्रेंस हॉल, मैस व कैन्टीन जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि इस नए जिले का सृजन होने से इलाके में पुलिस की visibility बढ़ी है और अपराधों में भी गिरावट आई है। पुलिस को मिले जनसहयोग की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रहरी व पुलिस मित्र जैसी सामुदायिक नीतियों पर और अधिक प्रभावशाली ढंग से काम करते हुए यहां के स्थानीय निवासियों की सुरक्षा और मजबूत होगी। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री ताज हसन, श्री मुक्तेशचन्द्र, श्रीमती सुन्दरी नंदा, श्री आर.एस.कृष्णिया, श्री संजय सिंह, श्री एस.के.गौतम, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश खुराना, श्री मनीष अग्रवाल, आलोक कुमार, उपायुक्त पुलिस श्री गौरव शर्मा** के साथ–साथ बाहरी– उत्तरी जिला, बाहरी जिला व रोहिणी जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, पुलिसकर्मी, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व विभिन्न आर.डब्लू.ए. के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस मौके पर पुलिस आयुक्त महोदय ने एक मोबाइल पुलिस पिकेटिंग वैन को भी लांच किया। इस वैन में अस्थाई बैरिकेड, आतंकवादी और दंगा विरोधी उपकरण सहित अन्य जरूरी सामान मौजूद है जिसका उद्देश्य दूर–दराज के ग्रामीण इलाके में औचक तौर पर अपराधियों की जांच करना, सूचना मिलने पर उनका पीछा करना और अन्य अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखना है।



बाहरी उत्तरी जिला कार्यालय का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त



कार्यक्रम के दौरान मंच पर आसीन वरिष्ठ अधिकारीगण



मोबाइल पुलिस पिकेटिंग वैन लॉच के समय वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को वैन की विशेषताओं के बारे में बताते हुए संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री मनीष अग्रवाल

पुलिस आयुक्त ने पुलिस मुख्यालय प्रांगण में लहराया तिरंगा

15 अगस्त की प्रातः **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पुलिस मुख्यालय प्रांगण में **तिरंगा लहराया**। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त के साथ–साथ उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने भी राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। पुलिस आयुक्त ने अपने सम्बोधन में पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों को स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ देते हुए स्वतत्रंता दिवस के मौके पर की गई पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की सराहना भी की। इसके साथ ही उन्होंने पिछले दिनों धार्मिक पर्वों और विशेषकर चुनाव प्रक्रिया के दौरान बेहतर कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी पूरे पुलिस बल को बधाई दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस द्वारा चुनाव के दौरान किये गये पुख्ता सुरक्षा प्रबंधों की चुनाव आयुक्त महोदय ने भी सराहना की है। पुलिस आयुक्त ने जिला और यातायात के अतिरिक्त हमारी सशस्त्र इकाईयों एवं प्रशासनिक बल की खास प्रशंसा की, जो भले ही इतनी सार्वजनिक नहीं रहती, परन्तु अपने निरंतर अभ्यास व ट्रेनिंग के फलस्वरूप अल्प अवधि में सूचना मिलने पर भी हरेक आयाम पर खरी उतरती हैं।



15 अगस्त की प्रातः पुलिस मुख्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण करते हुए पुलिस आयुक्त

नागरिकों की सुविधा के लिए यातायात पुलिस की एक ओर शानदार पहल। दिल्ली पुलिस व राष्ट्रीय सूचना केंद्र के संयुक्त प्रयास से ई–प्रणाली और ई–पेमेंट गेटवे प्रक्रिया से ट्रैफिक चालान के भुगतान की सुविधा

19 जुलाई, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में ट्रैफिक चालान ऑनलाइन भुगतान के लिए ई–प्रणाली और ई–पेमेंट गेटवे सिस्टम को लॉन्च किया। इस मौके पर **राष्ट्रीय सूचना केंद्र की महानिदेशक डा. नीता वर्मा, विशेष पुलिस आयुक्त श्री राजेश मलिक, श्री आर.एस.कृष्णिया, श्री ताज हसन, श्री एस. के.गौतम. संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री के. जगदीशन व श्रीमती मीनू चौधरी** सहित काफी संख्या में वरिष्ठ अधिकारियों सहित यातायात पुलिस के कर्मी उपस्थित थे। राष्ट्रीय सूचना केंद्र (नेशनल इंफारमेटेक्सि सेंटर) द्वारा विकसित साफ्टवेयर की मदद से यह सुविधा नागरिकों के लिए शुरू की गई है। ई–चालान प्रणाली और ई–पेमेंट गेटवे की शुरूआत होने से नागरिक अपने चालान का भुगतान घर बैठे नेट बैंकिंग, डेबिट व क्रेडिट कार्ड आदि से ट्रैफिक पुलिस की वेबसाइट ://delhitrafficpolice.nic.in पर जाकर कर सकते हैं। इस सिस्टम के शुरू होने से दिल्ली से बाहर की रजिस्टर्ड गाड़ियों या दूसरे राज्यों से बने ड्राइविंग लाइसेंस की डिटेल भी चालान मशीनों पर तत्काल मिल जाएगी, चोरी की गाड़ियों की पहचान आसान हो जाएगी, नियम उल्लंघनकर्ता को उसके मोबाइल पर चालान का स्थान, किस नियम का उल्लंघन व कितनी राशि का चालान जैसे जानकारी मिल जाएगी। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने कहा कि इस व्यवस्था के शुरू होने से लोग यातायात नियमों का पालन पहले से अधिक करेंगे और जागरूक भी होंगे, जिससे राजधानी में यातायात व्यवस्था सुधारने में काफी मदद मिलेगी। विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री ताज हसन ने कहा कि एक माह के ट्रायल के दौरान ई–चालान सिस्टम से 28024 चालान किए गए तो इनमें से 16369 लोगों ने ई–पेमेंट से भुगतान किया। यानि नागरिकों ने इस ई–पेमेंट की सुविधा का लाभ उठाया और उसके प्रति जागरूक भी हुए।



राष्ट्रीय सूचना केंद्र की महानिदेशक डा. नीता वर्मा को पुलिस स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

शीर्षस्थ स्तर पर हुए प्रशासनिक फैसले एवं राष्ट्रीय व धार्मिक पर्वों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस मुख्यालय में अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक

6 अगस्त, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय में अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। 5 अगस्त, 2019 को शीर्ष स्तर पर हुए प्रशासनिक फैसले और आगामी राष्ट्रीय एवं धार्मिक पर्वो को ध्यान में रखते हुए दिल्ली व आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधों पर आयोजित इस बैठक में दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ–साथ हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, जम्मू–कश्मीर, राजस्थान के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान अपने–अपने इलाकों में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने, सीमाओं पर अनाधिकृत घुसपैठ करने वालों, अवैध हथियारों एवं मादक पदार्थो की सप्लाई पर कड़ी नजर रखने और गेस्ट हाउसों, होटलों, साइबर कैफे, किरायेदारों, पुरानी कार के डीलरों को जागरूक करने की दिशा में काम करने पर जोर दिया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने सीमाओं पर तैनात पुलिसकर्मियों के बीच परस्पर बेहतर संबंध स्थापित करने और बदमाशों से संबंधित सूचनाओं को साझा करने पर विशेष जोर दिया।



अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त

फोटो : रोज़र जोसफ





पुलिस मुख्यालय सहित पुलिस भवनों, कार्यालयों एवं आवासीय कॉलोनियों को सौर उर्जा से रोशन करने के लिए सोलर एनर्जी कारपोरेशन के साथ समझौता

3 जुलाई, 2019 को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक बैठक के दौरान दिल्ली पुलिस व सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ इंडिया (SECI) के बीच दिल्ली पुलिस के भवनों, कार्यालयों और आवासीय कॉलोनियों को सौर उर्जा से रोशन करने के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर हुए। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं उर्जा स्रोत्र मंत्रालय के सचिव श्री आनंद कुमार की उपस्थिति में **विशेष पुलिस आयुक्त श्री राजेश मलिक** व **एसईसीआई के एमडी श्री जे.एन. स्वैन** ने मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेडिंग (MoU) पर हस्ताक्षर किये। समझौते के अनुसार दिल्ली पुलिस मुख्यालय के साथ–साथ पुलिस भवनों एवं आवासीय कॉलोनियों की छतों पर सौर उर्जा प्लांट लगाए जायेंगे। सभी इमारतों में 3 से 4 मेगावॉट क्षमता वाले रूफटॉप सोलर पावर सिस्टम लगाये जायेंगे। बिजली बचत और सौर उर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुआ यह समझौता भविष्य में काफी किफायती व लाभदायक सिद्ध होगा। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने कहा कि दिल्ली पुलिस अपनी कार्यशैली में अधिकतम नई तकनीक अपनाने पर जोर देती है और यह समझौता भी चरणबद्ध तरीके से काम करते हुए पुलिस इमारतों को रोशन व हरा–भरा करने में कारगर साबित होगा।

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं उर्जा स्रोत्र मंत्रालय के सचिव श्री आनंद कुमार एमओयू दस्तावेज प्रदर्शित करते हुए।



नवीनीकृत मेस का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त



नवीनीकृत मेस में एकत्रित हुए पुलिस अधिकारीगण

दरियागंज स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस का नवीनीकरण

15 जुलाई, 2019 को निषाद राज मार्ग, शांति वन लाल बत्ती के निकट, दरियागंज स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस का नवीनीकरण कार्य सम्पन्न होने पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने मैस का उद्घाटन किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री राजेश मलिक, श्री एस.नित्यानंदम, श्री ताज हसन, श्री संदीप गोयल, श्री आर.एस. कृष्णिया, श्री एस.के. गौतम, श्री संजय सिंह, श्रीमती नुजहत हसन, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव, श्री राजेश खुराना, उपायुक्त पुलिस मध्य जिला श्री एम.एस.रंधावा** सहित काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। नवीकरण के तहत राजपत्रित अधिकारी मैस के कॉंफ्रेन्स हॉल व डायनिंग हॉल को बड़ा करने के साथ–साथ समूचे मैस का सौंदर्यकरण किया गया है। स्थाई आदेश संख्या 302 के तहत राजपत्रित अधिकारी मैस के प्रेजीडेंट पुलिस आयुक्त, वाईस प्रेजीडेंट संयुक्त पुलिस आयुक्त, सचिव उपायुक्त पुलिस (मध्य जिला) तथा संयुक्त सचिव अति.उपा.पुलिस (मध्य जिला) मनोनीत होते हैं। मैस की बुकिंग के लिए उपायुक्त पुलिस (मध्य जिला) या उपायुक्त पुलिस (पुलिस मुख्यालय) से स्वीकृति लेनी होती है। इस राजपत्रित अधिकारी मैस में एक कॉंफ्रेन्स हॉल, एक डायनिंग हॉल 2 वीआईपी सूइट, 6 डबलबैड तथा 12 सिंगलबैड रूम तथा रसोई सहित सभी अन्य आधुनिक सुख–सुविधाएँ उपलब्ध है। ज्यादा से ज्यादा 15 दिनों की बुकिंग के लिए सिंगलबेड के लिए दिल्ली पुलिस से संबंधित राजपत्रित अधिकारियों के लिए 800 रुपये, अन्य राज्यों के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व अर्धसैनिक बलों से संबंधित राजपत्रित अधिकारियों के लिए 1000 रुपये तथा उनके रिश्तेदारों के लिए 1200 रुपये प्रतिदिन शुल्क लिया जाता है। इसी तरह डबलबेड के लिए 1000रु/1200रु तथा 1500 रुपये जबकि वीआईपी सूइट के लिए 1200रु/1500रु तथा 2000 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से चार्ज किया जाता है। राजपत्रित अधिकारी मैस का दूरभाष नं0 23276522 है और केयर–टेकर के रूप में एएसआई रतनचंद तैनात है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता की दृष्टि से अव्वल रही पुलिस कॉलोनियों की आर.डब्लू.ए. के पदाधिकारियों को पुलिस आयुक्त ने किया सम्मानित

18 जुलाई, 2019 को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वच्छता की दृष्टि से अव्वल रही बड़ी, मध्यम व छोटी पुलिस कॉलोनियों की आर. डब्लू.ए. के पदाधिकारियों को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने नगद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। स्मरण दिलाया जाता है कि हर वर्ष दिल्ली पुलिस की कॉलोनियों में स्वच्छता और उनके सौंदर्यकरण की दृष्टि से बेहतरीन काम करने वाली आर.डब्लू.ए का चयन कर नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया जाता है। इसी श्रृंखला में वर्ष 2018 के दौरान चयनित होने वाली बड़ी पुलिस कॉलोनियों में मेहराम नगर पुलिस कॉलोनी को 25 हजार रुपये तथा सिविल लाइन पुलिस कॉलोनी को 20 हजार रुपये, मध्यम पुलिस कॉलोनियों में रोहिणी सैक्टर–11 को 20 हजार रुपये तथा अशोका पुलिस लाईन पुलिस कॉलोनी को 15 हजार रुपये तथा छोटी पुलिस कॉलोनियों में पुलिस कॉलोनी कीर्ति नगर को 15 हजार रुपये तथा पुलिस कॉलोनी वसंत कुंज को 10 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। बड़ी पुलिस कॉलोनियों का चयन विशेष पुलिस आयुक्त (सामान्य प्रशासन), संयुक्त पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षण) तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (सशस्त्र पुलिस) की टीम करती है और मध्यम पुलिस कॉलोनियों का चयन विशेष पुलिस आयुक्त (योजना एवं क्रियान्वयन), अतिरिक्त आयुक्त पुलिस (सामान्य प्रशासन) तथा उपायुक्त पुलिस (भूमि एवं भवन) की टीम करती है जबकि छोटी पुलिस कॉलोनियों का चयन विशेष पुलिस आयुक्त (परिचालन), अतिरिक्त आयुक्त पुलिस (विशेष शाखा) तथा उपायुक्त पुलिस (पीसीआर) की टीम करती है।



फोटो : रोजर जोसफ

पुलिस परिवार में महिला सशक्तिकरण के शानदार उदाहरण सिविल सर्विस सेवा के बाद अब न्यायिक सेवा में शानदार सफलता

किसी भी अभिभावक का सीना उस समय गर्व से फूल जाता है जब उसकी संतान की सफलता की वजह से उसे समाज व विभाग में विशेष पहचान मिलती है। पिछले कुछ वर्षो में दिल्ली पुलिस परिवार से जुड़ी बहुत सी बेटियों ने कई मौकों पर चाहे वह बोर्ड की परीक्षाएँ हों, सिविल सर्विस हो, न्यायिक सेवा परीक्षा हो या फिर खेल–कूद की प्रतियोगिता हो, महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किये हैं और अपने माता–पिता के साथ–साथ पुलिस परिवार को भी गौरवान्वित किया है। इस वर्ष पुलिस परिवार से जुड़ी लड़कियों ने सिविल सेवा परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की थी और अब इसी श्रृंखला में जहांगीर पुरी स**ब डिवीज़न के एसीपी श्री राकेश कुमार त्यागी की सुपुत्री सुश्री रिचिका त्यागी** ने दिल्ली न्यायिक सेवा परीक्षा में 35वां स्थान हासिल कर सफलता की उंचाईयों को छुआ है। साथ ही, बाहरी जिला में तैनात **हेडकां0 सुरेन्द्र कुमार की सुपुत्री सुश्री पूजा सुहाग** ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में 44वां स्थान प्राप्त कर अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी है। सुश्री रिचिका व सुश्री पूजा सुहाग ने अपनी–अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों की प्रेरणा और उनके द्वारा की जा रही चुनौतीपूर्ण पुलिस सेवा को दिया। सुश्री रिचिका व सुश्री पूजा सुहाग दोनों ने दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज से बीएससी करने के बाद एम.एससी किया और तत्पश्चात दिल्ली विश्वविद्यालय से लॉ की डिग्री हासिल करने के बाद अपने स्वप्नों की उड़ान भरी। सुश्री रिचिका व सुश्री पूजा सुहाग ने कहा कि कानून की दृष्टि में सब बराबर होते हैं फिर भी जीवन में हमारा प्रयास रहेगा कि हम समाज के कमजोर वर्गों, जरूरतमंदों और साधनवंचित लोगों को कानूनी परामर्श व सहायता मुहैया कराने का प्रयास करें ताकि कोई भी न्याय से वंचित ना हो। निःसंदेह सुश्री रिचिका व सुश्री पूजा सुहाग से पुलिस परिवार की अन्य बेटियाँ भी प्रेरित होंगी। इसके साथ **सेवानिवृत्त आजाद सिंह मान की सुपुत्री प्रीति मान** ने दिल्ली न्यायायिक सेवा में 56वां स्थान जबकि **सेवानिवृत्त एएसआई रणधीर सिंह दहिया के सुपुत्र गौरव दहिया** ने भी दिल्ली न्यायायिक सेवा में 38वां स्थान प्राप्त कर अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया।



एसीपी राकेश कुमार त्यागी एवं उनकी सुपुत्री रिचिका त्यागी



हेड कां. सुरेन्द्र कुमार सुहाग एवं उनकी सुपुत्री पूजा सुहाग

महिलाओ के खिलाफ अपराधों का दोष सिद्धि दर (Conviction Rate) दर्ज एफआईआर की संख्या और अपराधियों की धर–पकड़ हमारी महिला सुरक्षा की प्रतिबद्धता को दर्शा रहा है : श्री अमूल्य पटनायक, पुलिस आयुक्त



राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए



''फिक्की फ्लो'' महिला विंग की सदस्या एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण

26 अगस्त, 2019 को फिक्की सभागार में **''फिक्की फ्लो''** की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम **''फेस टू फेस विद द गर्वमैंट''** में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। फ्लो (FLO) फिक्की का महिला विंग है तथा समाज की विभिन्न समस्याओं को एक प्लेटफार्म के माध्यम से सरकार, समाज तथा विभिन्न विभागों के साथ–साथ आम लोगों तक पहुंचाने का काम करता है। इस कार्यक्रम में महिलाओं की सुरक्षा एवं व्यवस्थित यातायात को लेकर पुलिस आयुक्त महोदय ने अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्राथमिकता के तौर पर अनेक कदम उठायें हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है परन्तु इस मुद्दे पर समाज के सभी वर्गों की भागीदारी भी आवश्यक है। समाज में पुलिस की गलत छवि तो सभी को दिखाई देती है, लेकिन जो काम पुलिस समाज की बेहतरी के लिए करती है, उसे भी समाज के सामने लाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली देश का ऐसा पहला शहर है जहां नागरिक online FIR registration की सुविधा का उपयोग करते हुए बहुत सी परेशानियों से बच रहे है। इसके साथ ही संभावित क्षेत्रों में पुलिस की visibility बढ़ाने के साथ–साथ महिलाओं को विज्ञापनों और अन्य प्रचार–प्रसार के माध्यमों से भी जागरूक किया जा रहा है। पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि इस वर्ष 15 अगस्त तक पुलिस ने 1.87 लाख एफआईआर दर्ज की है जो पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत ज्यादा है। पुलिस केवल एफआईआर दर्ज करने में ही नहीं बल्कि दर्ज मामलों को सुलझाने और आरोपियों को गिरफ्तार करके उन्हें अदालत से सजा दिलवाने के मामले में भी शानदार काम कर रही है। इस पर उन्होंने संतुष्टि जताते हुए बताया कि जहां ऑल इंडिया स्तर पर पुलिस की Conviction Rate लगभग 25 प्रतिशत है, वहीं दिल्ली पुलिस ने 63.7 प्रतिशत मामलों में अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता पाई है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि बलात्कार के मामलों में वर्ष 2016 के दौरान Conviction Rate रेट 26.6 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 31.7 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसी तरह अन्य संगीन व घृणित मामलों में भी Conviction Rate में बढ़ोतरी हुई है।

कार्यक्रम के दौरान **''फिक्की फ्लो''** की **अध्यक्षा सुश्री हरजिंदर कौर तलवार** ने कहा कि समाज और नागरिक भी कानून–व्यवस्था के रखरखाव के लिए बराबर जिम्मदार हैं तथा सामाजिक सुरक्षा का उतरदायित्व केवल पुलिस का ही नहीं। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री सतीश गोलचा** ने एक संक्षिप्त प्रेजटेंशन के माध्यम से मुख्यतः अपराधों के कारण, अपराधों के तरीके, अपराधियों को गिरफ्तार करने का अनुपात, अपराध सुलझाने की दर, अपराधियों को सजा दिलाने की दर व आबादी घनत्व आदि के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए लांच किए हिम्मत ऐप का उपयोग और सशक्ति योजना के तहत निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाओं को खुद को ज्यादा सशक्त बनाने पर जोर देना चाहिए। फेस टू फेस कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस आयुक्त महोदय से महिला सुरक्षा व यातायात जाम के साथ–साथ दिल्ली में चोरी, छीनाझपटी, स्कूली बच्चों द्वारा मादक पदार्थो के सेवन, अवैध शराब की बिक्री और खुले में शराब पीने जैसी दिक्कतों से संबंधित सवाल भी पूछे। पुलिस आयुक्त महोदय ने महिलाओं के सभी प्रश्नों के तर्कसंगत उत्तर देते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस उन समस्याओं पर भी ध्यान देगी जो इस कार्यक्रम के दौरान संज्ञान में आई है। इस मौके पर **उपायुक्त पुलिस (मध्य जिला)** एवं **पुलिस प्रवक्ता श्री मंदीप सिंह रंधावा, उपायुक्त पुलिस (उतरी जिला) श्रीमती नुपूर प्रसाद** भी उपस्थित थी।

सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर प्रयोग करें



देश की राजधानी व एक महानगर की पुलिस होने के नाते दिल्ली पुलिस की कार्यशैली न केवल दिल्ली की जनता अपितु देश–विदेश की जनता भी देखती है और उसी आधार पर दिल्ली पुलिस की श्रेष्ठता तथा विश्वसनीयता निर्धारित होती है। इसीलिए दिल्ली पुलिस के प्रत्येक सदस्य को सदैव अनुशासित व चौकन्ना रहकर अपने दायित्व को पूरी पेशेवर कुशलता, पारदर्शिता, निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए। हमें ऐसी कोई विवादास्पद हरकत, अमर्यादित आचरण या पब्लिसिटी स्टंट आदि नहीं करना चाहिए या ऐसी कोई अशोभनीय हरकत सोशल मीडिया पर नहीं डालनी चाहिए जिससे दिल्ली पुलिस की प्रतिष्ठा व गरिमा को ठेस पहुंचे। सोशल मीडिया के प्रति जागरूक होना अच्छी बात है परन्तु सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों पहलुओं के प्रति सचेत रहना भी जरूरी है। हर किसी पुलिस अधिकारी या कर्मी में कोई खास प्रतिभा हो सकती है चाहे वह डांस हो, गायकी हो या फिर विशेष तरीके से व्यंग्य प्रस्तुत करने का अंदाज हो, यदि आप अपनी प्रतिभा को जनता में ले जाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेते है तो उसे पूरी शालीनता और गरिमा के साथ प्रस्तुत करें तथा व्यक्तिगत तौर पर ही करें क्योंकि जब आप वर्दी धारण करते हैं तो आप केवल और केवल एक पुलिस अधिकारी या कर्मी है और उस समय आपसे केवल एक अनुशासित जनसेवक के आचरण की अपेक्षा होती है। सोशल मीडिया प्रचार–प्रसार का एक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है, इसका सदुपयोग करें और इसका शिकार होने से बचें।

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की गतिविधियाँ

रंगोली प्रतियोगिता की विजेताओं को समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने सम्मानित किया

20 अगस्त, 2019 को मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस में **दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा 'रंगोली'** कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 9 वेलफेयर सेंटरों के 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस मौके पर समिति की अध्यक्षा **श्रीमती सूचना पटनायक** ने जीवन में रंगों की महत्ता के बारे में बताते हुए प्रतियोगिता की विजेता वेलफेयर सेंटर नरेला की वैष्णवी, अंजली, रेणू व नीलम को सम्मानित किया जबकि मॉडल टाउन, मालवीय नगर व विकास पुरी वेलफेयर सेंटर की क्रमशः राजश्री, मानषी व सुमन को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति की वरिष्ठ पदाधिकारी श्रीमती रूमा मलिक व श्रीमती गीता नित्यानंदम भी उपस्थित थी।







मालवीय नगर स्थित वेलफेयर सेंटर में हरियाली तीज़ उत्सव सम्पन्न

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने मालवीय नगर स्थित वेलफेयर सेंटर में हरियाली तीज़ उत्सव का आयोजन किया जिसमें समिति की अध्यक्षा **श्रीमती सूचना पटनायक** मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई। भारतीय संस्कृति में महिलाओं के लिए तीज़ का त्यौहार रूचिपूर्ण और उत्साहवर्धक होता है इसीलिए इस मौके पर दिल्ली पुलिस की विभिन्न पुलिस कॉलोनियों में रहने वाली महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और रंगारंग कार्यक्रम का आनंद उठाया।





शालीमार बाग पुलिस कॉलोनी में स्वतंत्रता दिवस पर आधारित कार्यक्रम आयोजित

12 अगस्त, 2019 को शालीमार बाग स्थित वेलफेयर सेंटर में स्वतंत्रता दिवस को मद्देनज़र देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा नृत्य एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस मौके पर समिति की अध्यक्षा **श्रीमती सूचना पटनायक** ने प्रतियोगियों की हौसला–अफजाई की और पुरस्कार बांटे। इसके साथ ही 73वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को दिल्ली पुलिस की विभिन्न पुलिस कॉलोनियों में चल रहे वेलफेयर सेंटरों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुए।









पुलिस परिवार को फख्र है अपने पुलिस पदक विजेताओं पर

73वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दिल्ली पुलिस के 19 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी उल्लेखनीय एवं अनुकरणीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित

विशिष्ठ सेवाओं के लिए पुलिस से सम्मानित





संयुक्त पुलिस आयुक्त
श्री शिवाजी सिन्हा



एसीपी
श्री दिनेश तिवारी



महिला एसआई
पुष्पा जग्गी



सराहानीय सेवाओ के लिए पुलिस से सम्मानित



अतिरिक्त आयुक्त पुलिस
श्री सी.के.मैन



उपायुक्त पुलिस
श्री मोहम्मद अख्तर रिज़वी



अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस
श्री हरेन्द्र कुमार सिंह



प्रिंसिपल पीटीएस/द्वारका
सुश्री सुमन नलवा




एसीपी
सुश्री मीना नायडू



इंस्पेक्टर
हरीश चन्द्र



इंस्पेक्टर
महेन्द्र सिंह दहिया



इंस्पेक्टर
महेश कुमार



इंस्पेक्टर
रजनी लखानी



इंस्पेक्टर
अरूण कुमार सिंह




इंस्पेक्टर
चंदा सहजवानी



इंस्पेक्टर
मोहन सिंह रावत



महिला एसआई
किरण सेठी



एएसआई
भैरू सिंह राठौर



एएसआई
विजयन जी.



एएसआई
बेगपाल सिंह

नेपाल पुलिस प्रतिनिधिमंडल की पुलिस आयुक्त से शिष्टाचार भेंट



16 जुलाई, 2019 को एक नेपाल पुलिस प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस मुख्यालय में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर दिल्ली पुलिस व नेपाल पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। दोनों प्रतिनिधिमंडल सदस्यों के बीच सुरक्षा–व्यवस्था एवं पुलिस कार्यशैली से संबंधित बिंदूओं पर परिचर्चा हुई। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने नेपाल पुलिस प्रतिनिधिमंडल के मुखिया को पुलिस स्मृति चिन्ह भेंट किया तो नेपाल पुलिस के मुखिया ने भी पुलिस आयुक्त महोदय को नेपाल पुलिस का स्मृति चिन्ह व एक विशेष चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

वैभव यादव ने थाईलैंड में आयोजित एशिया सिल्वर वेल्टरवेट एवं एशिया बॉक्सिंग फेडरेशन वेल्टरवेट प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान पाया



स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर विमिन एंड चिल्ड्रन में तैनात हेडकां0 रंजीत सिंह यादव के सुपुत्र वैभव यादव ने 30 जुलाई, 2019 को पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक से शिष्टाचार भेंट कर वर्ल्ड बॉक्सिग काउंसिल द्वारा थाईलैंड में आयोजित प्रतियोगिता में पाई अपनी सफलता के बारे में बताया। इस मौके पर वैभव के पिता हेडकां0 रंजीत सिंह भी मौजूद थे। वैभव यादव ने 30 जून, 2019 को थाईलैंड में आयोजित एशिया सिल्वर वेल्टरवेट एवं एशिया बॉक्सिग फेडरेशन वेल्टरवेट प्रतियोगिता में एकीकृत चैम्पियनशिप उपाधि हासिल कर भारत देश का मान बढ़ाया था। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने वैभव यादव को इस शानदार सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि आपने न केवल अपने अभिभावकों बल्कि दिल्ली पुलिस का नाम रोशन किया है। दिल्ली पुलिस परिवार को आपकी इस सफलता पर गर्व है।

मध्य परिक्षेत्र में ''बड़ा खाना'' कार्यक्रम का आयोजन





27 अगस्त, 2019 की शाम राजघाट के निकट गाँधी सदन में मध्य परिक्षेत्र द्वारा आयोजित **''बड़ा खाना''** कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था, उत्तरी परिक्षेत्र) श्री संजय सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त (उत्तरी परिक्षेत्र) श्री राजेश खुराना, उपायुक्त पुलिस (मध्य जिला) श्री मनदीप सिंह रंधावा** तथा **उपायुक्त पुलिस (उत्तरी जिला) श्रीमती नुपूर प्रसाद** सहित मध्य परिक्षेत्र के अधिकारी एंव कर्मी शामिल हुए। इस मौके पर पुलिस आयुक्त महोदय ने उत्तरी एवं मध्य जिला के अधिकारियों एवं कर्मियों के कड़े परिश्रम की प्रशंसा की, विशेषकर पिछले डेढ़ दो महीनों में किये गये विशेष सुरक्षा प्रबंधों के लिए। उन्होंने **''बड़ा खाना''** कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से अधिकारियों एवं कर्मियों के बीच परस्पर दूरी कम होती है और एक दूसरे को निकट से जानने का मौका मिलता है।

दिल्ली पुलिस के 5 अधिकारी ''युनियन होम मिनिस्ट्र्स मेडल फॉर एक्सिलेंस इन इंवेस्टिगेशन'' पुरस्कार से सम्मानित



डी.आई.जी. श्रीमती छाया शर्मा



एसीपी राजेन्द्र सिंह यादव



इंस्पेक्टर नरेश कुमार सोलंकी



इंस्पेक्टर प्रतिभा शर्मा



एसआई मंजू चाहर

गतवर्ष गृह मंत्रालय ने संगीन व जघन्य अपराधों के साथ–साथ बहुचर्चित मामलों की गुत्थी सुलझाने में बेहतरीन जॉच करने और आरोपियों को कानूनी अंजाम तक पहुंचाने वाले पुलिसकर्मियों को **''युनियन होम मिनिस्ट्र्स मेडल फॉर एक्सिलेंस इन इंवेस्टिगेशन''** पुरस्कार से सम्मानित करने की परम्परा शुरू की थी। उसी परम्परा के तहत इस वर्ष 15 अगस्त के मौके पर विभिन्न राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेश और अन्य केन्द्रीय सुरक्षा एजेसियों के 96 पुलिसकर्मियों को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इनमें दिल्ली पुलिस के भी 5 पुलिस अधिकारी शामिल हैं, इनमें राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में तैनात **डी.आई.जी. श्रीमती छाया शर्मा, एसीपी श्री राजेन्द्र सिंह यादव, इंस्पेक्टर नरेश कुमार सोलंकी, इंस्पेक्टर प्रतिभा शर्मा** तथा **एसआई मंजू चाहर** के नाम भी शामिल है। इन चार पुलिस अधिकारियों को 16 दिसम्बर, 2012 को वसंत विहार सामूहिक दुष्कर्म कांड की गुणवत्तापूर्वक जांच के दम पर आरोपियों की पहचान करने और उन्हें कड़ी सजा दिलाने में कामयाब रहने पर इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। घटना के समय तत्कालीन **उपायुक्त पुलिस दक्षिणी जिला श्रीमती छाया शर्मा** ने मामले की तफ्तीश का नेतृत्व किया तथा उस समय इंस्पेक्टर रहे राजेन्द्र सिंह यादव पहले मौके पर पहुंचे और आरोपियों को अलग–अलग स्थानों से धर–पकड़ की, वर्तमान में नेब सराय के थानाध्यक्ष श्री नरेश कुमार सोलंकी ने केस की महत्वपूर्ण कड़ियाँ जोड़ी तथा उस समय महिला अपराध निरोधक प्रकोष्ठ में तैनात **एसआई प्रतिभा शर्मा** ने जॉच अधिकारी की भूमिका को बखूबी निभाया था। जबकि **एसआई मंजू चाहर** को एक नाइजीरियन महिला के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की उत्कृष्ट जॉच करने और दोषियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने पर इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यूनियन होम मिनिस्ट्र्स मेडल फॉर एक्सिलेंस इन इंवेस्टिगेशन से पुरस्कृत होने वाले पुलिस अधिकारियों को **माननीय केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह** द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

दोहरे व तिहरे हत्याकांड सहित कई अन्य संगीन वारदातों में संलिप्त दो ईनामी बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित



अपराध शाखा की स्टार–1 टीम जिसने हत्या की दर्जनों वारदातों जिसमें दोहरे व तिहरे हत्याकांड भी शामिल हैं तथा हत्या के प्रयास, कारजैकिंग व लूटपाट जैसी संगीन वारदातों में संलिप्त दो ईनामी बदमाशों को गिरफ्तार पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने शाबाशी देते हुए टीम के अदम्य साहस और कार्यकुशलता की सराहना की। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा, अतिरिक्त आयुक्त पुलिस डॉ0 अजीत सिंगला, उपायुक्त पुलिस डॉ0 राम गोपाल नायक** भी उपस्थित थे। **एसीपी श्रीमती श्वेता चौहान** के नेतृत्व में **इंस्पेक्टर गगन भास्कर, इंस्पेक्टर कैलाश शर्मा, एसआई राजीव मलिक, एसआई संदीप, एएसआई विजय, जयप्रकाश, विक्रांत, दीपचंद, हेडकां0 विनोद, ब्रिजेश, राजेन्द्र सिंह तथा कां0 सुशील, संदीप, ऋषि, रघुवीर** की टीम ने अलग–अलग मौकों पर दो खूंखार व ईनामी बदमाशों विजय फरमाना तथा शरद पांडे उर्फ रवि उर्फ भारत उर्फ समर पांडे उर्फ बाबू उर्फ काली को गिरफ्तार करने में साहस और अच्छी सूझबझू का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। विजय फरमाना जो हरियाणा में हुए तिहरे हत्याकांड सहित 11 हत्याओं और अन्य संगीन वारदातों में संलिप्त रहा की गिरफ्तारी पर दिल्ली पुलिस व हरियाणा पुलिस ने एक लाख व 50 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया हुआ था। इसके साथ ही बिंदापुर निवासी दूसरा खूंखार बदमाश शरद पांडे जो हरियाणा में दोहरी व तिहरे हत्याकांड सहित हत्या की 8 तथा कारजैकिंग की लगभग 100 वारदातों में संलिप्त था कि गिरफ्तारी पर भी 2 लाख का ईनाम घोषित था।

मध्य रात्रि के करीब कार सवारियों को लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने वाली अपराध शाखा की टीम की कार्यवाही को पुलिस आयुक्त ने सराहा



31 जुलाई, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने अपराध शाखा की एसटीएफ टीम को पुलिस मुख्यालय में बुलाया और उन्हें उनके प्रशंसनीय एवं सराहनीय कार्यो के लिए बधाई दी। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा** व **अतिरिक्त आयुक्त पुलिस डॉ0 अजीत सिंगला** भी उपस्थित थे। अपराध शाखा की इस टीम के सदस्यों ने कई दिनों के निरंतर अथक प्रयास के बाद मोटरसाइकिल लूटेरों के एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश करने में कामयाबी हासिल की जो रात्रि के समय कार सवारियों को लूटने की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। **उपायुक्त पुलिस डॉ0 राम गोपाल नायक** के मार्गदर्शन में और **एसीपी श्री पंकज सिंह** के नेतृत्व में **इंस्पेक्टर विकास राणा, इंस्पेक्टर जतिन सिंह, इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, एसआई प्रियंका, एसआई सुनील तेवतिया, एसआई मनोज तोमर, एसआई राजीव बामेल, एसआई रविन्द्र, एसआई अशोक** की टीम ने जून माह में रात्रि के समय मोटरसाइकिल पर कार सवारों का पीछा कर उन्हें लूटने वाले बदमाशों के गिरोह का पर्दाफाश करने में शानदार सफलता अर्जित की। इन बदमाशों ने 5 जून की मध्य रात्रि एन–24 पर एक कार का पीछा कर उसके चालक को गोली मार कर उसे रूकने के लिए बाध्य कर दिया और कार में सवार आईजीआई एयरपोर्ट से आ रही सवारियों को लूट लिया था। ठीक इसी तरह इस गिरोह के सदस्यों ने 9 जून की मध्यरात्रि बंदाबहादुर सिंह सेतु पर एबीपी न्यूज की क्रू टीम की कार पर 3 फायरिंग कर उन्हें सूचना भवन के निकट रुकने पर बाध्य कर दिया परंतु क्रू टीम के सदस्य किसी तरह बच निकलने में कामयाब रहे।

आग में फंसे लगभग 35 लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और कई बदमाशों को धर–दबोचने वाली उत्तर–पूर्वी जिला की पुलिस टीम पुलिस आयुक्त के हाथों सम्मानित



31 जुलाई, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने उत्तर–पूर्वी जिला की एक पुलिस टीम जिसमें कई थानों के पुलिसकर्मी शामिल थे, को उनके साहसिक और सराहनीय कार्यो के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.एस.कृष्णिया, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार, उपायुक्त पुलिस श्री अतुल कुमार ठाकुर, अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस श्री आर.पी.मीणा, एसीपी रमेश दहिया, एसीपी श्री रजनीकांत अवधिया** व पुलिस टीमों का नेतृत्व करने वाले **इंस्पेक्टर रविकांत, इंस्पेक्टर पवन कुमार, इंस्पेक्टर संजीव गौतम, इंस्पेक्टर विनय यादव** के साथ–साथ **एएसआई हरेन्द्र, एएसआई सतीश राणा, हेडकां0 इरफान अहमद, अनिल, सुनील, सचिव देव तथा कां0 स्वर्ण** व **कां0 नितिन** उपस्थित थे। इन साहसिक पुलिसकर्मियों ने करावल नगर इलाके में स्थित एक बिल्डिंग में लगी भयंकर आग में फंसे लगभग 35 व्यक्तियों को अन्य सिविक एजेंसियों के साथ–मिलकर सकुशल बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही गोकुलपुरी, खजुरी खास व करावल नगर थाने की पुलिस टीमों ने अपने–अपने इलाके में सक्रिय बदमाशों को गिरफ्तार करने एवं उनसे अवैध हथियार बरामद करने में भी शानदार सफलता अर्जित की है।

कई आपराधिक वारदातों को सुलझाने व खूंखार गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने वाली अपराध शाखा की टीम को पुलिस आयुक्त ने प्रोत्साहित किया

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने अपराध शाखा की एक टीम जिसने **उपायुक्त पुलिस डॉ0 राम गोपाल नायक** के मार्गदर्शन और **एसीपी श्री पंकज सिंह व एसीपी श्री अरविन्द्र कुमार** के नेतृत्व में कई आपराधिक वारदातों को सुलझाने और कई खूंखार अपराधियों को धर–दबोचने में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है, को अपने कार्यालय में बुलाया और प्रोत्साहित किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा** व **अतिरिक्त आयुक्त पुलिस डॉ0 अजीत सिंगला** भी उपस्थित थे। पुलिस टीम में शामिल **इंस्पेक्टर विनय त्यागी, इंस्पेक्टर जतिन सिंह, इंस्पेक्टर दिनेश कुमार, एसआई अर्जुन सिंह, एसआई हवा सिंह, एएसआई शिव कुमार, एएसआई प्रमोद सिंह, एएसआई मोहम्मद सलीम, एएसआई सत्यवान, हेडकां0 शशिकांत, हेडकां0 सुनील, हेडकां0 प्रमोद कुमार, हेडकां0 धर्मबीर, हेडकां0 सतीश पाटिल, कां0 कुलदीप व कां0 हरीश** ने कर्नाटक से चंदन की लकड़ी सप्लाई करने वाले, खूंखार गिरोह सरगना नवीन कसाना के दो सक्रिय सदस्यों और कुख्यात बदमाश रणदीप भाटी व अनिल दुजाना गिरोह के सदस्यों को धर–दबोचने में अपनी पेशेवर निपुणता, साहस व बेहतरीन सूझबूझ का शानदार उदाहरण पेश किया था। इसके अलावा भी इस टीम के सदस्यों ने जून व जुलाई माह के दौरान कई ईनामी बदमाशों को न केवल धर–दबोचा बल्कि उनके कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामद करने में भी शानदार सफलता अर्जित की थी।



उत्तर–पूर्वी जिला की एंटी ह्यमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने पिछले 8 महीनों में ऑपरेशन मिलाप के तहत 138 बच्चों को उनके परिजनों से मिलाया पुलिस आयुक्त ने टीम की संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की तारीफ की

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने उत्तर–पूर्वी जिला के मानव तस्करी निरोधक दस्ते द्वारा अपने परिजनों से बिछुड़े लगभग 138 बच्चों को उनके परिवारों से मिलाने पर टीम की संवेदनशीलता की प्रशंसा की और निरंतर इसी तरह कर्तव्यनिष्ठा से काम करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.एस.कृष्णिया, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार, उपायुक्त पुलिस श्री अतुल कुमार ठाकुर, अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस श्री आर.पी.मीणा, इंस्पेक्टर तनवीर अशरफ, एएसआई अदरिश खान, अख्तर आलम, प्रहलाद सिंह वीरेन्द सिंह, सुनीता, हेडकां0 जावेद अख्तर, हेडकां0 प्रताप** व **कां राजीव** उपस्थित थे। पुलिस आयुक्त महोदय ने टीम के सभी सदस्यों को उनके इस सराहनीय कार्य के लिए विशेषतौर पर बधाई दी। उत्तर–पूर्वी जिला काफी घनी आबादी वाला इलाका होने के नाते यहाँ के थानों में गुमशुदगी और अपहरण की काफी शिकायत आती है। इसी लिए लापता बच्चों को ढूंढकर उनके परिजनों से मिलाने का अपना दायित्व यह टीम बखूबी निभा रही है। यह टीम न केवल दिल्ली से बल्कि एनसीआर से भी बच्चों को ढूंढने में अपनी जी–जान लगा देती है।



कई हिंसक व आपराधिक वारदातों को सुलझाने वाली पुलिस टीम को पुलिस आयुक्त ने पुलिस मुख्यालय में बुलाकर सम्मानित किया

31 जुलाई, 2019 को पुलिस आयुक्त ने उत्तर–पूर्वी जिला की एक पुलिस टीम जिसने इलाके में जहरखुरानी, अवैध शराब व वाहन चोरों के गिरोह का पर्दाफाश करने के साथ–साथ जून माह की एक रात्रि मॉडल टाउन इलाके में स्थित एक मकान में घुस कर कार से उतर रहे परिवार से लूटपाट करने वाले बदमाशों को धर–दबोचने पर शाबाशी देते हुए उनकी कार्यशैली व पेशेवर निपुणता की भी प्रशंसा की। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.एस.कृष्णिया, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार, उपायुक्त पुलिस श्री अतुल कुमार ठाकुर, अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस श्री आर.पी.मीणा, एसीपी रमेश दहिया, एसीपी श्री रजनीकांत अवधिया, इंस्पेक्टर विनय यादव के साथ–साथ एसआई रवि, एसआई सतीश राणा, हेडकां0 सलीम, हेडकां0 जयवीर, हेडकां0 धर्मेन्द्र, हेडकां0 राजकुमार,हेडकां0 ब्रहमपाल, कां0 परीक्षित व कां0 अमित** उपस्थित थे।



पुलिस आयुक्त द्वारा अप्रैल, मई व जून माह के 19 सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स प्रशंसा पत्र व नकद पुरस्कार से सम्मानित

5 जुलाई, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने विभिन्न परिक्षेत्रों से अप्रैल माह के दौरान चयनित किये गये 6 सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स को अपनी बीट में निवासियों के साथ बेहतर तालमेल रखने, अपराधियों के बारे में गुप्त सूचनाएँ एकत्रित करने और ड्यूटी के दौरान कर्तव्यनिष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने पर प्रशंसा पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

अप्रैल माह के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स में शामिल हैं: हेडकां0 संदीप (अप्रैल माह के दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर, थाना बुराड़ी मध्य परिक्षेत्र), हेडकां0 अनिल कुमार (थाना भजनपुरा–पूर्वी परिक्षेत्र), हेडकां0 मंजीत (थाना बवाना–उत्तरी परिक्षेत्र), हेडकां0 सत्येन्द्र कुमार (थाना हजरत निजामुद्दीन–दक्षिणी परिक्षेत्र), हेडकां0 विनय कुमार (थाना कापसहेड़ा, नई दिल्ली परिक्षेत्र) तथा कां0 बिजेन्द्र (थाना द्वारका नार्थ–पश्चिमी परिक्षेत्र)।

2 अगस्त, 2019 को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक द्वारा सम्मानित होने वाले **मई माह के 7 सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स में शामिल हैं:** कांस्टेबल नवीन (थाना आनंद पर्वत, मध्य परिक्षेत्र, मई माह के दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर), कां0 नीरज धामा (थाना सीलमपुर, पूर्वी परिक्षेत्र), कां0 नवीन (थाना बुद्व विहार उत्तरी परिक्षेत्र), हेडकां0 सुभाष (थाना द्वारका पश्चिमी परिक्षेत्र), कां0 विनित (थाना लाजपत नगर, दक्षिणी परिक्षेत्र), कां0 राम पाल (थाना कनॉट प्लेस, नई दिल्ली परिक्षेत्र) तथा हेडकां संजय नागर (थाना हजरत निजामुद्दीन, रेलवे)।

अप्रैल माह के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर



हेड कां. संदीप, थाना बुराड़ी



हेड कां. अनिल, थाना भजनपुरा



हेड कां. सतेन्द्र, थाना हज़रत निज़ामुद्दीन



हेड कां. विनय, थाना कापसहेडा



हेड कां. मंजीत मलिक, थाना बवाना



कां. बिजेन्द्र, थाना द्वारका

मई माह के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर



कां. नवीन, थाना आनंद पर्वत



हेड कां. संजय नागर, थाना निजामुद्दीन रेलवे



हैड कां. सुभाष चंद्र, थाना द्वारका नार्थ



कां. रामपाल, थाना कनॉट प्लेस



कां. विनीत, थाना लाजपत नगर



कां. नीरज धामा, थाना सीलमपुर



कां. नवीन, थाना बुद्ध विहार

फोटो : रोज़र जोसफ

शुभकामनाएँ

माह मई व जून, 2019 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाइयों से 179 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें से 9 पुलिसकर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। दिल्ली पुलिस परिवार सेवानिवृत्त हुए सभी पुलिसकर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता है।

मई माह में सेवानिवृत्त होने वाले 87 पुलिसकर्मियों में शामिल है:– एएसआई प्यारे लाल **(पुलिस मुख्यालय)**, एएसआई महेश कुमार व एमटीएस वीरपाल सिंह **(शाहदरा जिला)**, एसआई करण सिंह, एसआई प्रेम राज, महिला एसआई राजदेवी व एमटीएस राजपाल सिंह **(रोहिणी जिला)**, एसआई प्यारे लाल व एएसआई रंगा स्वामी **(बाहरी जिला)**, महिला एसआई अनिता **(उत्तरी पश्चिमी जिला)**, इंस्पेक्टर नरेश कुमार **(अपराध शाखा)**, एसआई अमरीक सिंह **(चतुर्थ वाहिनी)**, एसआई शोराज सिंह, एएसआई अशोक कुमार व एमटीएस सुरेश चन्द्र **(पांचवीं वाहिनी)**, एसआई ऋषिपाल **(यातायात)**, एसआई राय सिंह, एसआई सुभाषचन्द्र भारद्वाज, एएसआई हरीचंद, हेडकां0 राजबीर सिंह मलिक, कां0 जगदीश प्रसाद जाट **(नई दिल्ली जिला)**, एमटीएस रामस्वरूप **(द्वितीय वाहिनी)**, एएसआई राजेन्द्र सिंह **(बाहरी–उत्तरी जिला)**, महिला एसआई विजया मलिक **(दक्षिण–पश्चिमी जिला)**, एसआई रामचरण सिंह **(आईजीआई एयरपोर्ट)**, एसआई अजयपाल सिंह, एसआई स्वानंद कुमार भगत, एसआई सुरेश चन्दर, एसआई महाबीर सिंह, एसआई नरेन्द्र सिंह, एसआई सुनील कुमार, एएसआई रामकिशन, एएसआई रणसिंह, एएसआई गजेन्द्र सिंह, एएसआई रामनिवास शर्मा, एएसआई लाल सिंह, एएसआई माईलाल, एएसआई राजकुमार, एएसआई ओमप्रकाश, हेडकां0 पुष्पेन्द्र सिंह व कां0 दयानंद **(पीसीआर)**, एएसआई श्याम लाल **(दक्षिण–पूर्वी जिला)**, एसआई सुरजीत सिंह **(विशेष प्रकोष्ठ)**, एसआई राजबीर सिंह **(दक्षिणी जिला)**, एएसआई राजेन्द्र कुमार **(सातवीं वाहिनी)**, एसआई देवराज, एएसआई राजेन्द्र कुमार, एएसआई सुरेन्द्र कुमार **(संचार शाखा)**, एएसआई अरूण कुमार, एएसआई तेज सिंह **(प्रथम वाहिनी)**, इंस्पेक्टर नारायणनन नायर, एसआई राजेन्द्र प्रसाद, एएसआई जयपाल सिंह **(पीटीसी)**, एएसआई योगेश कुमार **(द्वारका)**, इंस्पेक्टर विरेन्द्र पाल सिंह, इंस्पेक्टर रणजीत सिंह दहिया, एसआई ओमप्रकाश, एसआई सत्यवीर सिंह, एसआई बिजेन्द्र सिंह, एएसआई चन्दरभान, एएसआई जगपाल सिंह, एएसआई दयानंद ,एएसआई मुकेश कुमार, एएसआई राजेन्द्र कुमार, महिला एएसआई कमलेश, एएसआई जितेन्द्र सिंह, हेडकां0 धर्मबीर सिंह, हेडकां0 सुखबीर सिंह, एमटीएस सत्यनारायण **(सुरक्षा शाखा)**, एसआई राजबीर सिंह, एएसआई अजीत सिंह, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई रमेश कुमार **(पीएंडएल)**, एसआई सुन्दर सिंह, एएसआई परमजीत सिंह **(पश्चिमी जिला)**, एसआई शिव कुमार **(छठ्ठी वाहिनी)**, एएसआई शरफुदीन, **(उत्तरी जिला)**, एसआई हरजीत सिंह, एसआई शिव कुमार **(विशेष शाखा)**, एसआई मनोहर लाल, हेडकां0 सुखबीर सिंह (मध्य जिला)।

जून माह में सेवानिवृत्त होने वाले 92 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:– इंस्पेक्टर राजबीर सिंह **(राष्ट्रपति भवन)**, एएसआई विरेन्द कुमार मलिक व एएसआई राजबीर सिह **(पुलिस मुख्यालय)**, इंस्पेक्टर छीत्तर मीणा व एमटीएस किशनचंद **(उत्तर–पश्चिमी जिला)**, एसआई राजबीर सिंह **(मध्य जिला)**, एसआई गोपीचंद **(रेलवे)**, एएसआई श्रीकिशन **(बाहरी जिला)**, इंस्पेक्टर नरेश कुमार, एसआई नरेश कुमार, हेडकां0 नरेश कुमार व एमटीएस लाला राम **(पीटीएस)** एसआई ओमप्रकाश व एसआई बलबीर सिंह,एसआई शाहिद आलम व एएसआई महीपाल शर्मा **(स्पेशल ब्रांच)**, एएसआई ओमप्रकाश **(शाहदरा जिला)**, इंस्पेक्टर सतीश कुमार व एसआई मोहम्मद सलीम **(प्रथम वाहिनी)**, एसआई कर्मबीर, एएसआई श्रीओम सिंह खत्री व एमटीएस यम बहादुर **(रोहिणी जिला)**, एसआई लाला राम शर्मा **(द्वितीय वाहिनी)**, एसआई भगवान सहाय व एएसआई कमल किशोर **(पूर्वी जिला)**, एसआई सतीश चन्द्रा **(आईजीआई एयरपोर्ट)**, हेडकां0 धीर सिंह **(तृतीय वाहिनी)**, एएसआई रामनिवास व एमटीएस नानक चंद **(छठ्ठी वाहिनी)**, एसआई वेद प्रकाश व एएसआई कवंर लाल **(बाहरी–उत्तरी जिला)**, एसआई सुरेन्द्र पाल सिंह, एएसआई चन्दर श्राान व एएसआई रणधीर सिंह शरण **(सातवीं वाहिनी)**, एसआई रामकिशोर, एसआई ओमपाल सिंह, एसआई सुभाषचन्दर, एसआई जगदीश प्रसाद, एसआई मदन लाल, एसआई धर्मबीर सिंह, एसआई गजेसिंह, एसआई कृष्ण कुमार, एसआई रणसिंह, एसआई जयप्रकाश, एसआई कृष्ण कुमार, एएसआई कंवर सेन, एएसआई शुक्रा ऑरान, एएसआई रामअवतार, एएसआई गुरमेल सिंह, एएसआई रघुबीर सिंह, एएसआई सुबे सिंह, एएसआई ठाकुरदास, एएसआई सतबीर सिंह व एएसआई ब्रिज मोहन **(पीसीआर)**, एसआई इन्दरपाल **(पश्चिमी जिला)**, एमटीएस संधुराम **(उत्तर–पूर्वी जिला)**, एसआई विरेन्द्र सिंह खरब, एएसआई लच्छी राम व एएसआई श्री भगवान **(द्वारका जिला)**, एसआई मोहम्मद यासिन, एसआई सुदर्शन कुमार, एसआई सुनील कुमार, एसआई शीशपाल, एसआई रामनाथ सिंह, एसआई जगत सिंह, एसआई सुरेन्द्र सिंह, एसआई गुरनाम सिंह, एसआई नरेन्द्र कुमार, एसआई बिजेन्द्र सिंह, एएसआई सत्यनारायण, एएसआई सत्यपाल, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई सुरेश कुमार, हेडकां0 भोपाल सिंह, हेडकां रणबीर सिंह **(सुरक्षा शाखा)**, एसआई अनिल दत्त **(दक्षिण–पश्चिमी जिला)**, इंस्पेक्टर रामकिशन खत्री, एसआई कमरूद्दीन खान, एसआई भारत सिंह, एसआई दिनेश स्वरूप, हेडकां इश कुमार **(संचार शाखा)**, इंस्पेक्टर त्रिलोक चंद शर्मा **(सतर्कता शाखा)**, एएसआई ईश्वर दास व एमटीएस ओमप्रसाद **(उत्तरी जिला)**, महिला इंस्पेक्टर नीरजा शर्मा, एसआई रविन्द्र दत्त, एएसआई लक्ष्मण सिंह, हेडकां0 कृष्ण कुमार **(पीएंडएल)**।

श्रद्धांजलि

माह जून व जुलाई, 2019 के दौरान दिल्ली पुलिस विभिन्न जिला/ईकाईयों में तैनात 26 पुलिसकर्मियों की सेवाकाल के दौरान भिन्न–भिन्न कारणों से असमय मृत्यु हो गई। असमय बिछुड़ गए अपने इन साथियों को दिल्ली पुलिस परिवार अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता है।

जून माह में दिवंगत 15 पुलिसकर्मियों में शामिल है :– एएसआई सुरेन्द्र कुमार, कां0 राहुल कुमार व कां0 रंजीत सिंह **(यातायात)**, हेडकां0 नीरज **(चतुर्थ वाहिनी)**, एएसआई आर. श्रीनिवासन व नरेश कुमार **(पूर्वी जिला)**, एएसआई राजकुमार **(उत्तरी जिला)**, एएसआई सुरेश कुमार **(छठ्ठी वाहिनी)**, एएसआई सुनील कुमार **(दक्षिण–पश्चिमी जिला)**, एएसआई राजकुमार **(अपराध शाखा)**, हेडकां0 अशोक कुमार **(उत्तर–पश्चिमी जिला)**, कां0 विनय कुमार **(5वीं वाहिनी)**, हेडकां0 प्रदीप कुमार **(सुरक्षा शाखा)**, कां0 कुलबीर डबास **(पीसीआर)** तथा एमटीएस किशन लाल **(13वीं वाहिनी)**।

जुलाई माह में दिवंगत 11 पुलिसकर्मियों में शामिल है:– एएसआई मांगे लाल व एएसआई राजकुमार **(दक्षिण–पूर्वी जिला)**, एएसआई सत्यवीर सिंह **(सुरक्षा शाखा)**, हेडकां0 अरूण कुमार **(शाहदरा जिला)**, हेडकां0 नागमोड दीपक मधुकर, हेडकां0 महाबीर व कां0 अतुल **(रोहिणी जिला)**, हेडकां. उदय सिंह **(आईजीआई एयरपोर्ट)**, कां0 प्रदीप यादव **(द्वारका जिला)**, महिला कां0 किरण यादव **(तृतीय वाहिनी)** तथा कां0 विशाल **(प्रथम वाहिनी)**।

सेवानिवृत्त (वि0पु0आ0) श्री पी.के.भारद्वाज के सम्मान में रात्रि भोज





माह जून, 2019 को विशेष पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षण) के पद से सेवानिवृत्त हुए श्री पी.के. भारद्वाज के सम्मान में दरियागंज स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस में रात्रि भोज का आयोजन किया गया। रात्रि भोज के दौरान पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने श्री भारद्वाज को पुलिस स्मृति चिन्ह तथा पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने श्रीमती भारद्वाज को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके खुशहाल जीवन की कामना की। इस मौके पर काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे।

31 जुलाई व 31 अगस्त, 2019 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



संयुक्त पुलिस आयुक्त (लाईसेंसिंग) श्री प्रभाकर 1985 बैच में दानिप्स पुलिस अधिकारी के तौर पर पुलिस सेवा में चयनित हुए और वर्ष 2001 में भारतीय पुलिस सेवा में शामिल हुए। 31 अगस्त, 2019 को सेवानिवृत्त हुए श्री प्रभाकर ने दिल्ली पुलिस तथा आईबी की विभिन्न इकाईयों में सफलतापूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन किया।



एसीपी श्री महेन्द्र पाल (सुरक्षा)



एसीपी श्री हरीश चन्दर (पीटीसी)

हमारी आचार संहिता

हमें अपने अधिकारों और कार्यों की सीमाओं की पहचान होनी चाहिए और इनका पालन भी करना चाहिए। हमें कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिससे यह लगे कि हम न्यायपालिका के कार्यों को अपने हाथों में ले रहे हैं। न ही हमें व्यक्तिगत झगड़े में पड़कर फैसला या दंड देना चाहिए।

फोटो : रिज़र्व जोनल



एसीपी श्री सुरेश चन्द्र जखमोला (सुरक्षा)



एसीपी श्री सीता राम मीणा (शाहदरा)



एसीपी श्री ललित मोहन मैनाली (भ्रष्टाचार शाखा)



सम्पादक

सम्पादक : श्री राजीव रंजन, उपायुक्त पुलिस (पुलिस आयुक्त के स्टाफ ऑफिसर)
सह-सम्पादक : निरीक्षक सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।



सह-सम्पादक